**निरीक्षण** | दुबई की अमेरिकन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर ने किया संस्थान का निरीक्षण, प्रशिक्षण व्यवस्था की खुलकर सराहना

# संभागीय आईटीआई से खुले वैश्विक रोजगार के द्वार



**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश के युवाओं को देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी रोजगार और करियर के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) जबलपुर लगातार सशक्त पहल कर रही है। इसी क्रम में अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफ शारजाह, दुबई के प्रतिष्ठित प्रोफेसर डॉ. सचिन वर्मा ने संभागीय आईटीआई जबलपुर का औपचारिक भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थान की अत्याधुनिक कार्यशालाओं, उन्नत मशीनों और प्रयोगशालाओं को नजदीक से देखा। प्रशिक्षण की गुणवत्ता, संसाधनों और अनुशासित वातावरण को देखकर वे खासे प्रभावित नजर आए।

### तकनीकी ज्ञान के साथ सॉफ्ट स्किल्स पर जोर

डॉ. वर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों और प्रशिक्षण अधिकारियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने कहा कि आज का वैश्विक रोजगार बाजार केवल तकनीकी दक्षता से संतुष्ट नहीं होता, बल्कि कम्युनिकेशन स्किल्स, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, कार्य-संस्कृति और अंतरराष्ट्रीय कार्य व्यवहार भी उतने ही जरूरी हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि प्रशिक्षण संस्थान तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स पर भी समान रूप से ध्यान दें, तो भारतीय युवाओं के लिए विदेशों में रोजगार और करियर के अवसर कई गुना बढ़ सकते हैं।

### संस्थान की पहल को बताया भविष्य निर्माण की मजबूत नींव

इस अवसर पर संयुक्त संचालक कार्यालय से उपसंचालक आयुष अग्रवाल, प्रशिक्षण अधीक्षक डी. के. रॉय, रंजीत रोहितास, प्लेसमेंट अधिकारी ललित डेहरिया सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने इसे संभागीय आईटीआई जबलपुर के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि और प्रशिक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में बड़ा कदम बताया।

### इनका कहना है



हमारा लक्ष्य केवल तकनीकी प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है। हम अपने प्रशिक्षार्थियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना चाहते हैं।

**डॉ. अर्पित शुक्ला**
**प्राचार्य**



प्लेसमेंट ऑफिसर प्रशिक्षण के दौरान अब तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ कम्युनिकेशन और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट पर भी विशेष फोकस किया जा रहा है।

**नम्रता सिंगोले**
**प्रशिक्षण अधिकारी**



शासकीय आईटीआई विदेशों में प्लेसमेंट और अंतरराष्ट्रीय अवसरों के लिए हम लगातार उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों से संपर्क में हैं।

**ललित कुमार डेहरिया**



हम युवाओं को रोजगारोन्मुखी और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप स्किल्स देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**अंकित रजक, प्रशिक्षण अधिकारी/नोडल अधिकारी**

# वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की तैयारियां जोरों पर

▸ **कलेक्टर और निगमायुक्त ने लिया जायजा**



**नवभारत,जबलपुर।** आगामी वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार को कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार मानस भवन पहुँचे और सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। इस उच्च-स्तरीय निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कॉन्फ्रेंस के लिए सभी तैयारियां चाकचौबंद रहें और आयोजन भव्य तथा सफल हो।इस दौरान कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने आयोजन स्थल पर विभिन्न व्यवस्थाओं, जैसे कि बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, स्वच्छता, पार्किंग और अन्य मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया। कॉन्फ्रेंस में शामिल होने वाले गणमान्य व्यक्तियों और श्रद्धालुओं की सुगमता के लिए सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को विशेष रूप से मजबूत करने के निर्देश दिए गए। मानस भवन परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में उच्च-स्तरीय स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया गया, ताकि अतिथियों को एक स्वच्छ और सकारात्मक वातावरण मिल सके। निरीक्षण के अवसर पर पदाधिकारी पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी, डॉ अखिलेश गुमास्ता, एडिशनल डायरेक्टर रोहित सिंह कौशल, संयुक्त संचालक आशीष दीक्षित, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, नवीन लोनारे, कार्यालय अधीक्षक दिलीप दुबे, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## साइबर फ्राड से बचाव के तरीके सीखे, बुजुर्गों का हुआ सम्मान

**जबलपुर, नवभारत।** आल इंडिया रेलवे रिटायर्ड मेंस फेडरेशन के तत्वावधान में 17 दिसम्बर को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर स्थित उमंग सामुदायिक भवन में पेंशनर्स डे का धूमधाम से आयोजन किया गया। इस आयोजन की खासियत ये रही कि साइबर व बैंक के विशेषज्ञों द्वारा साइबर फ्राड से बचने के तरीके भी बताकर उन्हें जागरुक किया। इस मौके पर 80 वर्ष से अधिक के पेंशनर्स का सम्मान किया गया। पेंशनर्स डे के आयोजन के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक सुनील टेलर, साइबर क्राइम के निरीक्षक नेगी, केनरा बैंक मदन महल ब्रांच के वरिष्ठ प्रबंधक नीरज गोस्वामी की मौजूदगी भी रही एआईआरआरएफ के महामंत्री का. नवीन लिटोरिया ने बताया कि वर्तमान में साइबर फ्राड जबर्दस्त रूप से बढ़ा हुआ है ऐसे में रेलवे से रिटायर हुए कर्मचारियों की जीवन भर की जमा पूंजी लुट न सके, इसके लिए विशेष आयोजन किया गया। जबलपुर पुलिस के साइबर क्राइम ब्रांच के निरीक्षक नेगी ने साइबर क्राइम से बचने के तरीके भी बताये।

## 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ को लेकर तैयारियां जोरों पर



**नवभारत,जबलपुर।** नारी सशक्तिकरण वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जबलपुर में 19 से 22 दिसंबर 2025 तक 251 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन नर्मदा तट स्थित गीताधाम, गौरीघाट में होगा, जिसे लेकर आयोजक संस्था अखिल विश्व गायत्री परिवार, जबलपुर द्वारा तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। चार दिवसीय आयोजन के दौरान प्रात: योग, ध्यान एवं प्राणायाम, देव आह्वान व यज्ञ संस्कार संपन्न होंगे, वहीं सायंकालीन सत्रों में प्रवचन, भजन-संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 21 दिसंबर की शाम विराट 11,000 दीप महायज्ञ आकर्षण का केंद्र रहेगा। कार्यक्रम की विशेष कड़ी के रूप में 20 दिसंबर को देवसंस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार के प्रति कुलपति चिन्मय पंड्या का विशेष उद्बोधन प्रस्तावित है। आयोजकों ने अधिक से अधिक नागरिकों से आयोजन में सहभागिता कर आध्यात्मिक, सामाजिक एवं मानवीय सेवा का लाभ लेने की अपील की है।

## मानवता की सेवा ईश्वर के तुल्य है

**जबलपुर, नवभारत।** कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ एवं धनुष् यज्ञ रामलीला समिति तथा संपूर्ण ब्राह्मण मंच के तत्वावधान में बढ़ती ठंड से बचने के लिए असहाय लोगों को गर्म कम्बल प्रदान किए प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सेवा कर प्रारंभ धनंजय वाजपेई ने कहा मानव सेवा ईश्वर की सेवा है हमारे सभी सदस्य कृत संकल्पित होकर हर क्षेत्र में गरीब असहाय लोगों को ठंड से बचने के लिए प्रतिबद्ध है।

# निर्धारित राजस्व लक्ष्यों को करें पूरा : निगमायुक्त



**नवभारत,जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार द्वारा निगम मुख्यालय में राजस्व वसूली और स्वच्छता अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगमायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित राजस्व लक्ष्यों को समय पर और शत-प्रतिशत प्राप्त करने के लिए राजस्व अमले को कड़े निर्देश दिए। इस दौरान निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि निगम की वित्तीय मजबूती के लिए राजस्व वसूली सर्वोपरि है, और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बकाया करों की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाने और बड़े बकायेदारों पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में राजस्व के साथ-साथ, शहर की स्वच्छता व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने स्वास्थ्य अमले को निर्देश दिए कि शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर ढंग से संचालित किया जाए।

### एक नजर में





## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल में भारत सरकार की राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 192वीं बैठक मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर के सभाकक्ष में मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए समिति अध्यक्ष एवं मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा, अपर मंडल रेल प्रबंधक सुनील टेलर सहित बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों एवं प्रतिनिधियों का स्वागत किया। बैठक को अवगत कराया कि तिमाही अवधि के दौरान मंडल पर राजभाषा विभाग द्वारा विभिन्न संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, महान साहित्यकारों की जयंती समारोहों का आयोजन किया गया। साथ ही राजभाषा पखवाड़े के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रश्नमंच सहित विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिससे कर्मचारियों में हिंदी के प्रति जागरूकता एवं रुचि को बढ़ावा मिला।



## टीटीई रेस्ट हाउस में होगी रनिंग रूम के समान सुविधाएं

**जबलपुर, नवभारत।** संघ की मांग पर टीटीई रेस्ट हाउस में एसी लगने शुरू हो चुके है और शीघ्र ही रनिंग स्टॉफ के समान सुविधॉए प्रदान की जाएगी उक्त बड़ी सफलता महामंत्री अशोक शर्मा ने दिलाई । संघ प्रवक्ता सतीश कुमार ने बताया कि दो दिवसीय महाप्रबंधक रेल मजदूर संघ पीएनएम में संघ के अध्यक्ष सी. एम. उपाध्याय व महामंत्री अशोक शर्मा ने पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंधोपाध्याय के समक्ष पुरजोर तरीके से उठाया जिस पर महाप्रबंधक ने समस्त लंबित प्रमोशन 31 दिसम्बर के पूर्व कम्पलीट करने संबंधितो अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही कर समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में पश्चिम मध्य रेल के आला अधिकारियो के अलावा संघ के कार्यकारी अध्यक्ष बी. एल. मिश्रा, कोषाध्यक्ष कमलेश परिहार, उपाध्यक्ष वीरेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष एस.एन. शुक्ला, मंडल सचिव डी. पी. अग्रवाल, अब्दूल खालिक, संयुक्त महामंत्री संदीप श्रोती, एम.एस.पुरी सहायक महामंत्री, सतीश कुमार, आर. ए. सिंह, संतोष त्रिवेणी, अनिल सैनी, अनिरूद्ध सोनी, संतोष चतुर्वेदी, बनवारी लाल मीना, सविता त्रिपाठी, सिम्ता दक्ष उपस्थित रहे।



## संत अलॉयसियस महाविद्यालय बना विजेता

**नवभारत, जबलपुर।** 9-12 दिसम्बर को आईआईटी बॉम्बे द्वारा मुबंई में आयोजित नेशनल एन्ट्रप्रेन्योरशिप चैलेन्ज में सक्रिय भागीदारी करते हुए संत अलॉयसियस महाविद्यालय के ईडी सेल ने 4000 से भी अधिक इंजीरियरिंग महाविद्यालयों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही 95000 रूपए की राशि का नगद पुरुस्कार भी प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में ईडी सेल की प्रेसिडेन्ट प्रिंसी तिवारी, वाइस प्रेसीडेंट आदर्श कुमार सिंह, नियति जैन, प्रगति जायसवाल, श्रेया श्रीवास, मयंक, अनंत, योगेश, शीमोन, आर्यमन, लकी एवं पूरब ने भाग लिया। टीम के मैनेजर के रूप में डॉ. दुर्गा रे एवं सुश्री प्रियंका आनंद सम्मिलित हुई। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. फा. जे. बेन एन्टोन रोस ने ईडी सेल की डायरेक्टर डॉ. आशु जैन एवं समस्त टीम को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की। संस्था के चेयरमैन बिशप रेवरेन डॉ. वलन अरासू ने समस्त टीम को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

# सुबह 7 बजे निगमायुक्त निकले फील्ड पर



**नवभारत,जबलपुर।** शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बुधवार सुबह 7 बजे रांझी क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने मौके पर पहुंचकर सबसे पहले सफाई मित्रों की उपस्थिति की जानकारी ली और सभी को नियमित रूप से ड्यूटी पर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वच्छता कार्य को स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप और भी बेहतर व प्रभावी ढंग से किया जाए।इस दौरान निगमायुक्त ने सड़क किनारे हो रहे अस्थायी अतिक्रमणों पर भी ध्यान दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों से बातचीत कर उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करने के लिए समझाइश दी, ताकि यातायात सुगम बना रहे और शहर सुंदर दिखे और साथ ही सांची कॉर्नर का भी जायजा लिया गया। इस मौके पर अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोला राव, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक अनिल मिश्रा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## विनोद नयन कार्यकारी संपादक मनोनीत

**नवभारत, जबलपुर।** गीत पराग पत्रिका की संपादक डॉ. गीता गीत द्वारा, वरिष्ठ साहित्यकार कवि, लेखक इंजी. विनोद नयन को गीत पराग पत्रिका का कार्यकारी संपादक मनोनीत किया है। इस अवसर पर पं. अशोक मनोध्या, लेखराम कोरी, राकेश पाठक, विजय नेमा, मथुरा जैन उत्साही, डॉ. मकबूल अली, डॉ. रानू राठौर 'रूही', डॉ. विनीता पांडेय विनीत, कृष्णा राजपूत, डॉ. संध्या पाठक, अविनाश भटकर, सुभाष मणी वैरागी, मनोज शुक्ला, अभय तिवारी, भागीरथ शर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है।



## घाट पर स्वच्छता की शपथ दिलाई गई

**नवभारत,जबलपुर।** शहर की स्वच्छता को लेकर नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे 'स्वच्छता अभियान' को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बैंकर्स ने बुधवार सुबह एक नई ऊर्जा दी है। बैंक के प्रतिनिधियों ने निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के साथ गौरीघाट के उमाघाट पर श्रमदान कर शहरवासियों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया। इस मौके पर निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों और बैंकर्स को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।



## पमरे जीएम ने विजेता बच्चों को किया पुरस्कृत

**नवभारत,जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक एवं महिला कल्याण संगठन की पदेन अध्यक्षा शोभना बंदोपाध्याय द्वारा मुख्यालय एवं तीनों मण्डल स्तर पर आयोजित निबंध एवं ड्राइंग-पेंटिंग प्रतियोगिताओं में विजेता कुल 48 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पश्चिम मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन की अन्य पदाधिकारियों में सचिव रेनू गौतम सहित अन्य कार्यकारी सदस्याएं निशि सिंह, माधवी विजय कुमार, नीरू कुमार, वंदना वर्मा, प्रीती खोरना, सारिका गुप्ता, मधु एवं नीलम मीणा उपस्थित रहीं।

# 130 अधिकारियों और कर्मचारियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

▸ **एसपी की पहल पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित**



**नवभारत,जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय की पहल और जबलपुर ऐस राउंड टेबल-365 के सहयोग से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। यह विशेष शिविर 40 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए था।

शिविर में चिकित्सीय टीम ने रक्तचाप, शुगर सहित अन्य जरूरी स्वास्थ्य जांच की और चिकित्सकों ने परामर्श प्रदान किया। इस स्वास्थ्य शिविर में लगभग 130 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का परीक्षण एवं उपचार किया गया। इस पहल का उद्देश्य पुलिस बल में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और समय पर स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, डीएसपी ग्रामीण सुश्री आकांक्षा उपाध्याय, रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य, कंट्रोल रूम प्रभारी सतीश झारिया और सूबेदार अमित सोमवंशी उपस्थित थे।

**समारोह** | जनेकृविवि में विश्व मृदा दिवस सप्ताह का समापन, विजेता विद्यार्थी सम्मानित

# मृदा परीक्षण व संरक्षण के लिए जन-जागरूकता जरूरी : डॉ. कौतु



**नवभारत,जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में विश्व मृदा दिवस सप्ताह के अंतर्गत आयोजित मृदा जागरूकता कार्यक्रमों का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी.के. कौतु ने विद्यार्थियों से मृदा परीक्षण, मृदा संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मृदा पुनर्जनन से मिट्टी की उर्वरता, जल धारण क्षमता और पोषक तत्वों में सुधार होता है। समारोह की अध्यक्षता अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. जयंत भट्ट ने की। उन्होंने असंतुलित रसायनों के दुष्प्रभावों पर चिंता जताते हुए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। जबलपुर चेप्टर इंडियन सोसायटी ऑफ सॉइल साइंस के अध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष डॉ. ब्रजेश दीक्षित ने शहरीकरण से हो रहे मृदा क्षरण पर जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया तथा विद्यार्थियों को मृदा जागरूकता एंबेसडर के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सचिव डॉ. बी.एस. द्विवेदी ने सप्ताह भर की गतिविधियों की समीक्षा प्रस्तुत की। विश्व मृदा दिवस सप्ताह के दौरान भाषण, क्विज, पोस्टर मेकिंग, रंगोली एवं कोलॉज सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## केन्या से आई महिला की सफल नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

**पांच दिन में मरीज सीढ़ियां चढ़ने में सक्षम**



**नवभारत,जबलपुर।** गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल, जबलपुर में ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अमित जय कुमार जैन (कोट वालों) द्वारा केन्या से आई सुखबीर कौर की दोनों घुटनों की जटिल नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। सुखबीर कौर लंबे समय से दोनों घुटनों के गंभीर दर्द और फिक्स फ्लेक्शन डिफॉर्मिटी से पीड़ित थीं, जिससे चलना-फिरना तक मुश्किल हो गया था। शुगर, बीपी, हृदय वाल्व की समस्या एवं मांसपेशियों के खिंचाव जैसी बीमारियों के बावजूद डॉ. अमित जैन ने अत्याधुनिक तकनीक से सर्जरी कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। 6 दिसंबर को भर्ती हुई मरीज की 7 दिसंबर को एक घुटने और 10 दिसंबर को दूसरे घुटने की सर्जरी की गई। सर्जरी के कुछ ही घंटों बाद मरीज को चलाया गया और मात्र पांच दिनों में वह बिना वॉकर के चलने व सीढ़ियां चढ़ने-उतरने में सक्षम हो गईं। आज उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया जा रहा है। यह सर्जरी गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल में डॉ. पुष्पराज पटेल के सुपरविजन एवं अस्पताल की पूरी चिकित्सकीय टीम के सहयोग से संपन्न हुई।